# वशि्व स्तनपान सप्ताह-2022 का राज्यस्तरीय शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

1 अगस्त, 2022 को झारखंड की महलिा, बाल वकिास एवं सामाजकि सुरक्षा वभिाग की मंत्री जोबा मांझी ने डोरंडा के पलाश सभागार में 'वशि्व स्तनपान सप्ताह'के शुभारंभ पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत की। यह कार्यक्रम 1 से 7 अगस्त तक चलेगी।

## प्रमुख बदिु

- इस अवसर पर मंत्री ने 7 बच्चों को अन्नप्राशन कराया एवं कार्यक्रम से संबंधति जागरूकता रथ को हरी झंडी दखिाकर रवाना कयिा।
- वशि्व स्तनपान सप्ताह-2022 की थीम 'स्तनपान को बढ़ावा और शकि्षा एवं सहयोग'है।
- मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं के बीच यह संदेश प्रसारति कयिा जाएगा, कि जो महलिाएँ बच्चे को जन्म देती हैं, उन्हें बच्चे के जन्म के 1 घंटे के अंदर ही माँ का दूध पलिाया जाए। यह दूध बच्चे के सर्वांगीण वकिास के लयि बहुत उपयोगी है।
- उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करना है कि माँ, अपने बच्चे को पहले 6 महीने में अपने दूध के अलावा कोई आहार न दें उसमें ही बच्चे के लयि ज़रूरी पोषक तत्त्व उपलब्ध रहते हैं। 6 महीने के बाद ऊपरी आहार सही मात्रा और सही पोषक तत्त्व के साथ देना आवश्यक है। साथ ही 2 साल तक स्तनपान के साथ पोषक आहार देना चाहयि, जसिसे बच्चे स्वस्थ रह सकें।
- जोबा मांझी ने कहा कि एनीमयिा मुक्त, कुपोषण मुक्त समाज का नर्मिाण हो सके, इसके लयि लोगों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। जागरूक होने से ही बच्चों की मृत्यु दर में कमी आएगी एवं स्वस्थ बच्चों से ही स्वस्थ समाज का नर्मिाण हो सकेगा।
- उन्होंने कहा कि कशिोरयिों को भी सही दशिा देने का काम करना है। बालकिाओं को स्वस्थ रखने, उनको एनीमयिा से मुक्त कराने एवं उनकी सही समय पर शादी हो एवं परपिक्व शरीर में वे गर्भधारण करें, इसकी शकि्षा देना आवश्यक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-breastfeeding-week-2022